दिन—गुरूवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक— 16 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 03:10 बजे से। 　　　　　　　　　　　　　　अवधिः— 05 मिनट

लोकसभा चुनाव के शेष तीन चरणों के लिए प्रचार अभियान तेज हो गया है। विभिन्न गठबंधन और राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारक और वरिष्ठ नेता मतदाताओं को अपने पक्ष में गोलबंद करने के लिए लगातार चुनावी सभाएं, रैली, रोड—शो और जनसंपर्क कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज सीतामढ़ी में एनडीए प्रत्याशी देवेशचन्द्र ठाकुर के समर्थन में चुनावी सभा को सम्बोधित किया। श्री शाह ने कहा कि देश और राज्य का विकास एनडीए के विकास मॉडल पर ही निर्भर करता है। उन्होंने कांग्रेस और राजद पर राज्य को पिछड़ेपन की ओर धकेलने का आरोप लगाया। श्री शाह ने देश और प्रदेश में विकास की गाड़ी को तेज गति से आगे बढ़ाने के लिए एनडीए प्रत्याशियों को विजयी बनाने की अपील की। इधर, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने मधुबनी में इंडी गठबंधन के प्रत्याशी अली अशरफ फातमी के समर्थन में चुनावी सभा को सम्बोधित किया। श्री यादव ने एक बार फिर बेरोजगारी और महंगाई के मुद्दे को लेकर एनडीए सरकार को कटघरे में खड़ा किया। सभा को वीआईपी के अध्यक्ष मुकेश सहनी ने भी सम्बोधित किया। वामपंथी दलों भाकपा, माकपा और भाकपा—माले के वरिष्ठ नेता भी इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा और रोड—शो कर रहे हैं।

———————————————————

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए नामांकन पत्र वापस लेने का कल आखिरी दिन है। इससे पहले नामांकन पत्रों की जाँच में एक सौ अड़तीस उम्मीदवारों के पर्चे सही पाये गये। वहीं, उनासी नामांकन पत्र रद्द कर दिये गये। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नालंदा संसदीय क्षेत्र से उनतीस, पटना साहिब से सत्रह, पाटलिपुत्र से बाईस, आरा से चौदह, बक्सर से पन्द्रह, सासाराम से दस, काराकाट से चौदह और जहानाबाद संसदीय क्षेत्र से सत्रह उम्मीदवारों के नामांकन पत्र सही पाये गये हैं। इधर, अगिआंव विधानसभा क्षेत्र के लिए हो रहे उपचुनाव में सभी नौ उम्मीदवारों के नामांकन पत्र वैध पाये गये। इस चरण के तहत एक जून को मतदान होना है।

—————————————————————

जहानाबाद जिले में कवि सम्मेलन का आयोजन कर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। स्थानीय कॉपरेटिव बैंक कम्पाउंड में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन जिला चुनाव आइकॉन अमित कुमार और अजित कुमार ने किया।

—————————————————————

कांग्रेस के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता असितनाथ तिवारी, सत्यम दूबे समेत कई नेता आज भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने पार्टी कार्यालय में आयोजित समारोह में इन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय मौजूद थे।

—————————————————————

राज्य सरकार ने अवैध बालू खनन और परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए वाहनों में विशिष्ट पहचान लगाने के निर्देश दिए हैं। खनन विभाग ने बालू परिवहन में लगे वाहनों की पहचान के लिए लाल रंग की चौड़ी पट्टी लगाना अनिवार्य कर दिया है। विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर जीपीएस लगे वाहनों पर चारों तरफ बीस इंच चौड़ी लाल रंग की पट्टी रंगवाने के आदेश दिए है। इसके साथ ही इन वाहनों के चारों तरफ खनन वाहन निबंधन संख्या अंकित करना भी अनिवार्य होगा। यह व्यवस्था इसी वर्ष जुलाई से लागू हो जायेगी। गौरतलब है कि उच्चतम न्यायालय और राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने अवैध खनन और परिवहन के रोकथाम के लिए राज्य सरकारों को प्रभावी कार्रवाही करने को कहा था।

—————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में मौसम शुष्क बना हुआ है। राज्य के उन्नीस जिलों में अधिकतम तापमान चालीस डिग्री से उपर दर्ज किया गया। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार राज्य के दक्षिण–पश्चिम, दक्षिण–मध्य तथा दक्षिण–पूर्व भागों में कई स्थानों पर उष्ण दिवस की स्थिति बनी हुयी है। विभाग ने

अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चार दिनों तक राज्क के अधिकतर भागों में अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की और वृद्धि हो सकती है। इसके कारण इन भागों में लू चलने की संभावना है। इधर, विभाग ने इसी अवधी में पटना, नालंदा, शेखपुरा, बेगूसराय, लखीसराय, जमुई, बांका समेत प्रदेश के विभिन्न भागों में हॉट डे की स्थिति बनी रहने की आशंका को लेकर अलर्ट जारी किया है।

———————————————————————

दरभंगा की एक स्थानीय अदालत ने अपहरण के एक मामलें में नौ अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने इन सभी पर दस–दस लाख रूपये का अर्थ दंड लगाया है।

———————————————————————

अररिया जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर पुलिस ने भारी मात्रा मे गांजा और नेपाली शराब के साथ चौदह तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

मुजफ्फरपुर जिले के कांटी प्रखंड स्थित एनटीपीसी कार्यालय परिसर मे आज से स्वच्छता पखवाड़े की शुरूआत हुई। परियोजना प्रमुख मधु एस ने कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलायी।

———————————————————————

समाप्त